(b) and (c). The matter is already receiving close attention of Government and the GDR suppliers have been requested to finalise warranty claims on an immediate basis.

### हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में गेहूं के कम वसूली मूल्य

2392. श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट :
श्री कृष्ण चन्द्र पांडे :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान विभिन्न समाचार पत्रों मे प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश की मंडियों में गेहूं सरकार द्वारा निर्धारित 76 रुपये प्रति क्विटल की बजाय 74 रुपये प्रति क्विटल अथवा इससे भी कम मूल्य पर खरीदा जा रहा है ;

(ख) क्या जो कमीशन ऐजेंट किसानों के गेहूं के लिए उन्हे 76 रुपये प्रति क्विटल की दर से अदायगी करवाना चाहते हैं, उनका गेहूं भारतीय खाद्य निगम के एजेंट कई-कई दिन तक नहीं उठाते हैं ;

(ग) यदि हां तो क्या भारतीय खाद्य निगम के एजेंट इस प्रकार सरकारी आदेशों का उल्लघन कर रहे हैं ; और

(घ) ऐसी प्रक्रियाओं को रोकने और सरकारी आदेशों का पालन करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी. शिन्दे)** (क) कम मूल्य देने के संबंध में कुछ रिपोर्ट सरकार के ध्यान में आई है। किसानों को उचित औसत किस्म के गेहूं के लिए 76 रुपये प्रति क्विटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। जहां तक उचित औसत किस्म से घटिया किस्म के गेहूं का संबंध है, निर्धारित निर्दिष्टियों के अनुसार किस्म संबंधी कटौती करने के बाद किसानों को भुगतान किया जाता है।

(ख) और (ग). जी नहीं। बाजार विनियमनों / प्रथाओं के अनुसार तुरन्त सुपुर्दगी लेने के लिए प्रयत्न किए जाते है। तथापि, उत्तर प्रदेश की मंडियों में असाधारण रूप से गेहूं की अधिक आमद होने से मंडियों से स्टाक उठानें में देरी होने के कुछ मामले थे। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रयास किया गया था कि किसानों की हानि हेतु स्थिति का लाभ न उठाया जा सके।

(घ) भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा सरकारी नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। विशिष्ट शिकायतों की तुरन्त जाच कराई जाती है और जहां कही आवश्यक होता है उपयुक्त कार्यवाही की जाती है।

### Demands of Mormugao Water Front Workers' Union; Goa

2393. DR. SARADISH ROY :
SHRI GADADHAR SAHA :

Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether attention of Government has been drawn to the strike call given by the Mormugao Water-front Workers' Union, Goa ;

(b) if so, the main demands of the workers ; and

(c) the reaction of Government thereto?